संख्या-28/2015/1267/63-व0उ0-2015-158(एच)/15

प्रेषक,

हरिशंकर भट्ट,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ : दिनांक 01 दिसम्बर, 2015**

विषय:- धुनकरों को पावरलूम बुनकरों की भाँति विद्युत सब्सिडी उपलब्ध कराने की योजना की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-665/ह0क0-सह0अनु0/2015-16, दिनांक 06.11.2015 में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में धुनकरों को पावरलूम बुनकरों की भाँति विद्युत सब्सिडी उपलब्ध कराये जाने की योजना हेतु **रू0 2.00 करोड. (रूपया दो करोड़ मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल प्रदान करते हैं।

2- उपर्युक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करके 01 माह में शासन के सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त धनराशि का सदुपयोग सुनिश्चित करने का पूर्ण उत्तरदायित्व आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0, कानपुर का होगा।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि **रू0 2.00 करोड. (रूपया दो करोड़ मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-6 (आयोजनागत) के अधीन लेखाशीर्षक-राजस्व लेखा-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-108-बिजली करघा उद्योग-06-धुनकरों को विद्युत कर में छूट की प्रतिपूर्ति-27-सब्सिडी के नामें डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30.03.2015 में वर्णित प्राविधानों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

हरिशंकर भट्ट
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-1267(1)/63-व0उ0-2015-158(एच)/15, तद्‌दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

3- प्रबन्ध निदेशक, पूर्वांचल/मध्यांचल, विद्युत वितरण निगम लि0, वाराणसी/लखनऊ।

4- मुख्य अभियन्ता, नियन्त्रण एवं अनुश्रवण इकाई (वित्तीय), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, चतुर्थ तल, शक्ति भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।

5- विशेष सचिव, ऊर्जा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।

6- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कानपुर नगर।

7- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकी निदेशालय, 125 जवाहर भवन, लखनऊ।

8- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त (बजट) अनुभाग-4/नियोजन अनुभाग-4

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

हरिशंकर भट्ट
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in